मधुबनी। बिहार में इन दिनों शिक्षकों की भारी कमी महसूस की जा रही है। यही कारण भी है कि राज्य की शिक्षा व्यवस्था पर बुरा असर पड़ रहा है। सरकार ने जल्दी ही राज्य में शिक्षकों की भर्ती करने का विश्वास जताया है। पटना जिला के माध्यमिक व उच्च माध्यमिक स्कूलों में शिक्षकों के नियोजन की प्रक्रिया चल रही है।

रिक्तियों के अनुसार अभ्यार्थियों ने आवेदन कर दिया है। चौंकाने वाली बात यह है कि जिला परिषद और नगर निगम के उच्च माध्यमिक स्कूलों में फिजिक्स के लिए काफी सीटें है, पर आवेदन की संख्या बहुत कम है। ऐसी स्थिति में फिजिक्स के शिक्षकों की सीटें एकबार फिर खाली रह जाएंगी। पूरे पटना में माध्यमिक में 855 व उच्च माध्यमिक में 970 रिक्तियां हैं।

पटना जिला परिषद के उच्च माध्यमिक स्कूलों में फिजिक्स के शिक्षक पद के लिए 92 रिक्त पद है, इस पद के लिए सिर्फ एक आवेदन प्राप्त हुआ है। पटना नगर के उच्च माध्यमिक स्कूल में शिक्षकों की रिक्तियां 15 है, आवेदन एक अभ्यर्थी ने किया है। ऐसी स्थिति में आवेदन करने वाले अभ्यर्थी का चयन पक्का है। इसी तरह उच्च माध्यमिक स्कूलों में गणित विषय में 90 रिक्तियां हैं, पर आवेदन सिर्फ तीन ही प्राप्त हुए हैं। वहीं नगर निगम में 16 रिक्तियों के बदले 44 आवेदन आए हैं।